आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 07.04.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार राज्य के समग्र विकास के लिए कृत संकल्पित है।
- बागेश्वर के कौसानी स्थित लक्ष्मी आश्रम की अध्यक्ष राधा भट्ट को देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा।
- भारत सरकार का सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज से देहरादून में दो दिवसीय चिंतन शिविर की शुरुआत करेगा।
- रुद्रप्रयाग जिले में स्थित कार्तिक स्वामी मंदिर में 12 मई को 108 बालमपुरी शंख पूजा और हवन का आयोजन किया जाएगा।

सीएम पीसी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार राज्य के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा ळें भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा को लेकर सरकार की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी, जिसके लिए सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है।

पद्मश्री

बागेश्वर के कौसानी स्थित लक्ष्मी आश्रम की अध्यक्ष राधा भट्ट को देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। राधा भट्ट सेवा, महिला सशक्तिकरण और शांति के संदेश को लेकर काम कर रही हैं। राधा भट्ट ने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए आश्चर्यजनक है, क्योंकि उन्होंने कभी पुरस्कारों की अपेक्षा नहीं की थी।

सीएम

रामनवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ स्थित पांखू के माँ कोकिला कोठग्याड़ी मंदिर में आयोजित अखंड रामायण पाठ में मौजूद श्रद्धालुओं को देहरादून से वर्चुअली संबोधित किया। प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रभु श्रीराम से समस्त उत्तराखण्डवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रामायण कोई साधारण ग्रंथ नहीं, बल्कि हमारे जीवन का दर्पण है, मर्यादा, भक्ति, त्याग और धर्म का पथ प्रदर्शक है। प्रदेशवासियों से आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रभु श्री राम के आदर्शों को स्वयं में धारण कर समाज में ईमानदारी, प्रेम, सेवा और सद्भावना के साथ रहने का संकल्प लें।

चिंतन शिविर

भारत सरकार का सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज से देहरादून में दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन करने जा रहा है। शिविर का उद्देश्य सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तीकरण की बाधाओं को दूर करने के साथ ही न्यायपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण के मिशन को आगे बढ़ाना है। सरकार ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिविर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने, कौशल निर्माण को बढ़ावा देने और स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए कार्य नीतियों पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, ट्रांसजेंडर, सफाई कर्मचारी और बेघर या भीख मांगने वाले व्यक्तियों जैसे समुदायों की गरिमा, पुनर्वास और समावेशन सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दिया जाएगा। सम्मेलन में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ ही विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 21 मंत्रियों के भाग लेने की उम्मीद है।

कार्तिक स्वामी मंदिर

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित कार्तिक स्वामी मंदिर में 12 मई को 108 बालमपुरी शंख पूजा और हवन का आयोजन किया जाएगा। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद, जिला प्रशासन और कार्तिम स्वामी मंदिर समिति ने पूजन की तैयारियां शुरू कर दी है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि 108 बालमपुरी शंख पूजा में तमिलनाडु राज्य के प्रमुख मंदिर माईलम एथेनम, कूनमपट्टी एथेनम, कौमारा मुत्त एथेनम और श्रृंगेरी मुत्तू आदि के शिवाचार्य भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्तिक स्वामी मंदिर दक्षिण भारत के तीर्थ यात्रियों के श्रद्धा का केंद्र है और हर साल दक्षिण भारत से यात्री मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

कार्तिक स्वामी पहुंचे पर्यटन सचिव कनकचौरी से कार्तिक स्वामी तक साढ़े चार किमी पैदल ट्रेक सहित मंदिर और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और मूलभूत आवश्यकताओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

पर्यटक आवास गृह

पर्यटन नगरी पौड़ी में पर्यटकों के ठहरने के लिए गढ़वाल मंडल विकास निगम का एक और पर्यटक आवास गृह बनकर तैयार हो गया है।

नवनिर्मित पर्यटक आवास गृह का उद्घाटन करते हुए क्षेत्रीय विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि इस आवास गृह के बनने से पौड़ी में पर्यटकों के साथ–साथ स्थानीय निवासियों को भी सुविधाएं मिलेंगी। यह आवास गृह रांसी जैसी खूबसूरत जगह पर स्थित है जो पर्यटकों को काफी पसंद आएगा।

पर्यटक आवास के संचालक सौरभ रावत ने कहा कि यह उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की संपत्ति है जिसे उन्होंने दस साल के लिए संचालन के लिए लिया है। श्री रावत ने कहा कि पौड़ी में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं।

फुटबॉल प्रतियोगिता

नई टिहरी के बौराड़ी स्टेडियम में पांच दिवसीय द्वितीय राज्य स्तरीय ओपन पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उत्तरी कमांड ए व बी टीमों के बीच खेला गया। जिसमें उत्तरी कमांड की ए टीम विजेता रही। यह प्रतियोगिता टिहरी गढ़वाल जिला फुटबाल एसोसिएशन की ओर से पुरानी टिहरी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की याद में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में देश की 16 विभिन्न टीमें हिस्सा ले रही हैं। फाइनल मुकाबला देखने पहुंचे टिहरी नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से क्षेत्र को नई पहचान मिलती है।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

अयोध्या में राम जन्मोत्सव पर अमर उजाला समाचार पत्र का शीर्षक है – सूर्य की किरणों ने किया रामलाला का अभिषेक। इस खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है – इधर अयोध्या में रामलला का हो रहा था सूर्य तिलक, उधर राम सेतु निहार रहे थे मोदी।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से दैनिक जागण लिखता है – क्षेत्रीय व जातीय भावनाएं भड़का रहा विपक्ष, पूरे नहीं होंगे मंसूबे। इस खबर पर अमर उजाला का शीर्षक है – जाति व क्षेत्रवाद के नाम पर समाज को तोड़ने वालों के मंसूबे कामयाब नहीं होंगे।